असाइनमेंट:- 10 विषय :- हिंदी कक्षा:- IV शिक्षिका:- श्रीमती पूजा सहगल

नाम:- _______ सेक्शन :- __ रोल नंबर :- ____ दिनांक:-

पाठ - 6
"निकिता की खुशी"

मौखिक प्रश्न

क) प्रः निकिता और राहुल कौन थे ?

उत्तर : निकिता और राहुल जुड़वाँ भाई - बहन थे ।

ख) प्रः राहुल ने दादी को कौन सी खुशखबरी सुनाई ?

उत्तरः विद्यालय की बैडमिंटन टीम में चयन होने की खुशखबरी सुनाई ।

ग) प्रः निकिता और राहुल को बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए कहाँ जाना था ?

उत्तरः मुंबई

घ) प्रः आज हमारे देश में हर क्षेत्र में किस का बोलबाला है ?

उत्तरः लड़कियों का।

लिखित प्रश्न :

क) प्रः दादी ने निकिता को मुंबई जाने के लिए क्यों मना किया ?

उत्तरः दादी का कहना था कि लड़कियों को घर से दूर नहीं भेजा जा सकता ।

ख) प्रः माँ ने दादी को क्या समझाया ?

उत्तरः माँ ने दादी से कहा कि अब लड़के और लड़कियों में कोई भेद नहीं रह गया है । हमारी निकिता एक प्रतिभावान लड़की है । हमें उसे आगे बढ़ने से नहीं रोकना चाहिए।

ग) प्रः खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाली किन्हीं चार खिलाड़ियों के नाम बताइए ।

उत्तरः खेल जगत में देश का नाम रोशन करने वाली चार खिलाड़ियों के नाम

सायना नेहवाल, सानिया मिर्ज़ा, पी. टी. ऊषा , मैरी कॉम।

घ) प्र :आज लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है" - इस कथन की पुष्टि कीजिए ?

उत्तरः आज लड़कियाँ हर क्षेत्र में मेहनत और योग्यता के बल पर आगे निकल चुकी हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वकील हर क्षेत्र में लड़कियों ने देश का नाम रोशन किया है ।

ङ) प्रः अंत में दादी ने क्या निर्णय लिया ?

उः -दादी ने निकिता को मुंबई भेजने का निर्णय लिया ।